रजिस्ट्री सं. डी एल--33001/96 REGISTERED No. DL—33001/96

CENTRAL SECRETARIAT LIBRARY

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 39] नई दिल्ली, शनिवार, सितम्बर 28, 1996 (आश्विन 6, 1918)
No. 39] NEW DELHI, SATURDAY, SEPTEMBER 28, 1996 (ASVINA 6, 1918)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

## भाग III खण्ड 4
## [PART III—SECTION 4]

### [सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिसमें कि आदेश, विज्ञापन और सूचनाएं सम्मिलित हैं]

### [Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies]

दी इन्स्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स आफ इन्डिया

नई दिल्ली-110002, दिनांक 12 सितम्बर 1996

(चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स)

सं. 1-सी.ए.(7)/47/96—चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स अधिनियम 1949 की धारा 18 की उप-धारा (5) की व्यवस्थाओं के अनुसार 31 मार्च, 1996 को समाप्त हुए वर्ष के लिए परिषद की रिपोर्ट (प्रतिवेदन) तथा अंकेक्षित लेखा की एक प्रति सर्वसाधारण की सूचना हेतु एतद्द्वारा प्रकाशित की जाती है।

### 31 मार्च, 1996 को समाप्त हुए वर्ष के लिए 47वीं वार्षिक रिपोर्ट

भारतीय चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स संस्थान की परिषद को 1 अप्रैल, 1995 से लेकर 31 मार्च, 1996 तक की अवधि की अपनी 47वीं वार्षिक रिपोर्ट (प्रतिवेदन) प्रस्तुत करने में अत्यधिक प्रसन्नता हो रही है। रिपोर्ट में परिषद और उसकी विभिन्न समितियों के महत्वपूर्ण कार्यकलापों को दर्शाया गया है। रिपोर्ट में आयोजित किए गए सेमिनारों और सम्मेलनों, संचालित किए गए प्रशिक्षण-कार्यक्रमों तथा सदस्यों एवं छात्रों से संबंधित सुसंगत आंकड़ों और संस्थान के वर्ष 1995-96 के लेखाओं को भी सम्मिलित किया गया है। तथापि, अगस्त 1996 के अंत तक संस्थान के महत्वपूर्ण कार्यकलापों का भी संक्षेप में उल्लेख किया गया है।

1. परिषद

1.1. परिषद तथा उसकी विभिन्न समितियों के सदस्य

सौलहवीं परिषद का गठन जिसमें 24 निर्वाचित सदस्य तथा केन्द्रीय सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट 6 सदस्य सम्मिलित हैं, 18 जनवरी, 1995 को तीन वर्ष तक की अवधि के लिए किया गया था। 31 मार्च, 1996 को यथाविद्यमान सौलहवीं परिषद की संरचना इस रिपोर्ट के परिशिष्ट 1 में दी गई है।

1.2 अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष

श्री वाई. एम. काले, एफ.सी.ए. तथा श्री टी. एस. विश्वनाथ, एफ.सी.ए., 17 जनवरी, 1996 तक संस्थान के क्रमश: अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष के रूप में कार्य करते रहे। परिषद दोनों ही व्यक्तियों द्वारा प्रदान की गई उनकी मूल्यवान सेवाओं के प्रति अपनी कृतज्ञता तथा हार्दिक आभार प्रकट करती है।

परिषद ने 16, 17 तथा 18 जनवरी, 1996 को आयोजित अपने 179वें बैठक में 18 जनवरी 1996 से एक वर्ष की अवधि के लिए संस्थान के अध्यक्ष के रूप में श्री टी. एस. विश्वनाथ, एफ.सी.ए., को तथा उपाध्यक्ष के रूप में श्री एम. एम. चितले, एफ.सी.ए., को सर्वसम्मति से निर्वाचित किया है।

1.3 सचिव

श्री ए. के. मजुमदार संस्थान के सचिव के रूप में बने रहे।

1.4 परिषद की समितियां

परिषद ने 16, 17 तथा 18 जनवरी, 1996 को आयोजित अपने 179वें अधिवेशन में व्यवसाय से संबंधित अनेकानेक विषयों से निपटने के लिए तीन स्थायी समितियों और विभिन्न गैर-स्थायी समितियों का गठन किया था। इन स्थायी तथा गैर-स्थायी समितियों की संरचना सहित उनकी एक सूची इस रिपोर्ट के परिशिष्ट 2 में दी गई है।

1.5 परिषद के अधिवेशन

31 मार्च, 1996 को समाप्त हुए वर्ष के दौरान परिषद ने 7 (सात) अधिवेशनों का आयोजन किया।

1.6 लेखा-परीक्षक (आडिटर)

वर्ष 1995-96 के लिए श्री के. एस. वी. एस. मणियन, एफ.सी.ए., तथा श्री एस. आर. खुराना, एफ.सी.ए., संयुक्त लेखापरीक्षक थे। परिषद उनके द्वारा की गई सेवाओं के लिए अपना हार्दिक आभार प्रकट करती है।

2. अनुसंधान तथा व्यावसायिक विकास

परिषद ने अपनी विभिन्न गैर-स्थायी समितियों के माध्यम से अनुसंधान, व्यावसायिक विकास, सदस्यों की सतत व्यावसायिक शिक्षा तथा छात्रों की शिक्षा एवं प्रशिक्षण पर अत्यधिक जोर दिया है। जहां अनेक अनुसंधान संबंधी कार्यकलाप किए गए, वहीं संस्थान द्वारा प्रतिवेदनाधीन अवधि के दौरान अपनी विभिन्न गैर-स्थायी समितियों के माध्यम से लेखाविधि मानक (एकाउंटिंग स्टैण्डर्ड्स), लेखा-परीक्षा मानक (आडिटिंग स्टैण्डर्ड्स), विशेष सलाह (एक्सपर्ट ओपीनियंस) जैसे सेमिनारों, सम्मेलनों तथा प्रशिक्षण कार्यक्रमों में उपयोग हेतु आधार-सामग्री पर अनेकानेक प्रकाशन निकाले गये हैं। इन कार्यकलापों में अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित भी सम्मिलित हैं :—

(क) लेखाविधि मानक (एकाउंटिंग स्टैण्डर्ड्स)

साधारण विश्वव्यापी मान्य व्यावसायिक निकायों के लेखाविधि मानकों तथा विशिष्टत: भारत में जारी किए गए लेखाविधि मानकों पर रखे गए निरन्तर बढ़ते हुए भरोसे को महसूस करते हुए, संस्थान इस बात को सुनिश्चित करते हुए कि उसके द्वारा जारी किए गए लेखाविधि मानक सुसंगत, व्यावहारिक लाभप्रद बने हुए हैं, प्रमुख लेखाविधि निकाय के रूप में अपनी भूमिका निबाहता रहा है। संस्थान, लेखाविधि मानक बोर्ड (एकाउंटिंग स्टैण्डर्ड्स बोर्ड) के माध्यम से, लेखाविधि पद्धति की विषमताओं को कम करने तथा भारत में उद्यमों द्वारा लेखाकरण तथा प्रकटीकरण (एकाउंटिंग एण्ड डिसक्लोजर) में सर्वांगीण सुधार के लिए अपने प्रयास जारी रखे है। इन क्रियाकलापों में निम्नलिखित सम्मिलित है :—

(क) एक्सपोजर ड्राफ्ट आन "कैश फ्लो स्टेटमेंट्स" एण्ड एम एकाउंटिंग स्टैण्डर्ड को उपरोक्त एक्सपोजर प्रारूप के संबंध में सदस्यों तथा अन्य व्यक्तियों से प्राप्त हुई टिप्पणियों/सुझावों के आधार पर अंतिम रूप दिया जाना,

(ख) सदस्यों तथा संबंधित अन्य व्यक्तियों से टिप्पणियां आमंत्रित करते हुए "नेट प्राफिट और लास फार दि पीरियड एण्ड चेंजेज इन एकाउंटिंग पालिसीज" पर पुनरीक्षित एकाउंटिंग स्टैण्डर्ड 5 का एक्सपोजर प्रारूप निकाला जाना,

(ग) गाइडेंस नोट आन "अर्निंग्स पर शेयर" का तैयार किया जाना,

(घ) एकाउंटिंग स्टैण्डर्ड 2 आन "वैल्युएशन आफ इन्वेंट-रीज" तथा एकाउंटिंग स्टैण्डर्ड 7 आन "एकाउंटिंग फार कांस्ट्रक्शन कान्ट्रेक्ट्स" का पुनर्विलोकन।

लेखाविधि मानक बोर्ड द्वारा "फ्रेमवर्क फार दि प्रेपरेशन एण्ड प्रेजेण्टेशन आफ फाइनेनशियल स्टेटमेंट्स" तैयार किए जाने का कार्य निर्माणाधीन है। लेखाविधि मानक बोर्ड इस बात पर भी विचार कर रहा है कि क्या "एकाउंटिंग फार लीजेज" विषय पर जिस पर पूर्व में एक गाइडेंस नोट निकाला जा चुका है, एक "एकाउंटिंग स्टैण्डर्ड" (लेखाविधि मानक) प्रकाशित किए जाने की आवश्यकता है। लेखाविधि मानक बोर्ड द्वारा गठित अध्ययन-दल, एकाउंटिंग स्टैण्डर्ड आन "फाइनेनशियल इंस्ट्रू-मेंट्स" (वित्तीय लिखत), "बारोइंग कास्ट्स" तथा "एकाउं-टिंग एण्ड डिसक्लोजर आफ करेण्ट असेट्स एण्ड करेण्ट लाइबिलीटी" (चालू आस्तियों तथा चालू दायित्वों का लेखाकरण एवं प्रकटीकरण) के प्रारम्भिक प्रारूप बनाने के काम में लगे हुए हैं। लेखाविधि मानकों का बदलते हुए सामाजिक वातावरण के लिए सुसंगत बने रहने हेतु उनका समय-समय पर पुनर्विलोकन किया जाना आवश्यक है। लेखाविधि मानक बोर्ड ने हाल ही विगत समय में अंतर्राष्ट्रीय लेखाविधि मानकों में व्यापक परि-वर्तनों पर विचार किया है तथा हमारे लेखाविधि मानकों का पुनर्विलोकन करते समय ऐसे परिवर्तनों को ध्यान में रखा है ताकि वे अंतर्राष्ट्रीय मानकों के साथ तालमेल रख सकें।

(ख) लेखा-परीक्षा मानक (आडिटिंग स्टैण्डर्ड्स)

पूर्व की भांति, संस्थान ने लेखाविधि मानकों को विकसित करने और उन्हें उत्तम रखने के काम को तथा सदस्यों को उनके संबद्ध कृत्यों का अधिकाधिक प्रभावी रूप से निर्वहन करने में उनकी सहायता करने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करने को प्राथमिकता प्रदान की है। इस उद्देश्य के लिए संस्थान ने, अपनी लेखा-परीक्षा पद्धति समिति के माध्यम से "स्टेटमेंट्स आफ स्टैण्डर्ड आडिटिंग प्रैक्टिसेज" (एस. ए. पी.) निकाले, जिनमें देश की विद्यमान लेखापरीक्षा पद्धतियों का संहिताकरण करने की इच्छा

की गई हैं तथा जहां आवश्यक हो उन्हें बदले हुए परिवेश के संदर्भ में सुधारने का कार्य हाथ में लिया है । इस कार्यवाही के भाग-स्वरूप, समिति ने एक अन्य एस.ए.पी. अर्थात्, एस.ए.पी. (11) (ग्यारह) आन ''रिप्रेजेण्टेशन बाइ मैनेजमेंट'' निकाला है। समिति ''आडिट मेटीरियलिटी'' (लेखापरीक्षा सारता) तथा ''रिस्पांसीबिलीटी आफ ज्वाइंट आडिटर्स (संयुक्त लेखा-परीक्षकों का उत्तरदायित्व) के बारे में दो और एस.ए.पी. निकालने के काम में लगी हुई है । कैश फ्लो स्टेटमेंट्स के सत्यापन के काम में लगे कानूनी लेखापरीक्षकों की सहायता करने की दृष्टि से जिसका सूचीबद्ध कम्पनियों की वार्षिक रिपोर्ट के भाग के रूप में प्रकाशित किया जाना अपेक्षित है, समिति ने अनुसंसित ''फारमेट आफ आडिटर्स रिपोर्ट'' प्रकाशित किया है । समिति ने तीन और गाइडेंस नोट भी निकाले हैं, अर्थात् ''आडिट आफ कैश एण्ड बैंक बलेंसेज'' ''आडिट आफ मिस्लेनियस एक्सपेंडीचर शोन इन बैलेंसशीट'' तथा ''आडिट आफ लाइबीलीटीज'' । सदस्यों तथा संबंधित अन्य व्यक्तियों से टिप्पणियां आमंत्रित करते हुए एक प्रपोज्ड गाइडेंस नोट आन ''आडिट आफ रेवेन्यू'' का एक्सपोजर ड्राफ्ट भी निकाला गया है ।

जबकि स्टजी आन ''आडिटिंग इन एन ई. डी. पी. एन-वायरनमेन्ट'' निर्माणाधीन है, समिति ''रिस्क असेसमेन्ट एण्ड इन्टरनल कन्ट्रोल'', ''सब्सीक्वेन्ट इविन्ट्स'', ''आडिट आफ एकाउन्टिंग एस्टीमेट्स'', ''आडिट सेम्पलिंग'', ''गोइन्ग कन्सर्न'' तथा ''एनालिटिकल प्रोसीजर्स'' पर एस. ए. पी. के प्रारूप तैयार करने के काम में सक्रिय रूप से लगी हुई है । समिति ''आडिट आफ एक्सपेन्सेज'' तथा ''आडिट आफ कैपीटल एण्ड रिजर्व्स'' पर प्रपोज्ड गाइडेंस नोट के प्रारम्भिक प्रारूप तैयार करने के काम में भी लगी हुई है ।

(ग) अन्य अनुसंधान अध्ययन

इस तथ्य को स्वीकार करते हुए कि किसी व्यवसाय का विकास मुख्यतया इस बात पर निर्भर करता है कि वह समाज की चुनौतियों का कितने प्रभावी तरीके से सामना करता है और वह तर्कसंगत, वस्तुनिष्ठ तथा अनुसंधान आधारित अधिकृत घोषणाओं के अनुरूप साबित होता है, संस्थान अपनी अनुसंधान समिति के माध्यम से, लेखाविधि (एकाउंटिंग), लेखापरीक्षण (आडिटिंग), कारपोरेट लाज, फिस्कल लाज तथा सहबद्ध क्षेत्रों के संकल्पनात्मक ज्ञान में योगदान करते हुए अनुसंधान कार्य आगे बढ़ाने में श्रेष्ठता प्राप्त करने के लिए अपने प्रयास जारी रखे हैं । प्रतिवेदनाधीन अवधि के दौरान अनुसंधान समिति ने ''कम्पेंडियम आफ स्टेटमेन्ट्स एण्ड स्टैण्डर्ड्स आन एकाउंटिंग'' तथा ''कम्पेंडियम आफ स्टेटमेन्ट्स एण्ड स्टैण्डर्ड्स आन आडिटिंग'' के पुनरीक्षित संस्करण निकाले हैं । ''आडिटर्स रिपोर्ट/सर्टिफिकेट आन फाइनेनशियल इन्फोरमेशन इन आफर डाक्यूमेन्ट्स'' पर एक गाइडेंस नोट को भी ''डिस्क्लोजर एण्ड इन्वेस्टर्स प्रोटेक्शन'' पर दिशा निर्देशों की बाबत सेबी द्वारा जारी किए गए स्पष्टीकरणों के आधार पर अन्तिम रूप दे दिया गया है और वह शीघ्र ही प्रकाशित कर दिया जाएगा । जिन अन्य प्रकाशनों के शीघ्र ही निकाले जाने की संभावना है उनमें ''मैनेजमेन्ट कन्ट्रोल सिस्टम्स इन नान-प्रोफिट ओर्गेनाइजेशन्स विथ स्पेशल रेफरेन्स टू हास्पिटल्स'', गाइडलाइन्स आन इन्टरनल आडिट आन एन्टरप्राइजेज केरिंग आन एडवरटाइजिंग एण्ड पब्लिसिटी बिजनेस'', ''गाइडलाइन्स आन इन्टरनल आडिट-टायर इण्डस्ट्रीज'' तथा ''इन्टरिम फाइनेनशियल रिपोर्टिंग : ए कम्पेरेटिव स्टडी आफ यू. एस. ए., यू. के., फ्रांस एण्ड इण्डिया'' सम्मिलित हैं । उपरोक्त के अलावा, सात प्रकाशन अंतिम रूप दिए जाने के क्रम पर हैं और अन्य सात प्रकाशन सक्रिय विचाराधीन हैं । विविध विषयों पर लगभग पचास अनुसंधान परियोजनाएं पूर्णता के विभिन्न चरण में हैं । शील्ड-पैनल—जो कि अनुसंधान समिति की एक उप-समिति है—वर्ष 1994-95 के लिए वार्षिक सर्वोत्तम प्रस्तुत लेखा प्रतियोगिता के संबंध में विभिन्न प्रवर्ग-कम्पनियां/निगमों, बैंकों/वित्तीय संस्थाओं आदि, के लिए पुरस्कारों को अंतिम रूप दिए जाने के कार्य में लगा हुआ है ।

निगमित विधि के क्षेत्र में, विभिन्न विनियामक निकायों/एजेंसियों/प्राधिकरणों, जैसे कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी), रिजर्व बैंक आफ इण्डिया (आर. बी. आई.), भारत का नियंत्रक तथा महालेखापरीक्षक (सी. एण्ड ए. जी.) इत्यादि, से निर्देश किए जाने पर टिप्पणियां/विचार/सुझाव देने तथा विचार-विमर्श (परिचर्चा) आयोजित करते हुए अनेक तकनीकी मुद्दों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के अलावा, संस्थान अपनी निगमित विधि समिति के माध्यम से कम्पनी अधिनियम, 1956 की अनुसूची में नए पुरःस्थापित भाग में उपान्तरणों से संबंधित मामलों तथा कम्पनी विधेयक, 1993 की अनुसूची 12 को पुनः तैयार करने के बारे में कम्पनी कार्य विभाग के साथ निरन्तर सम्पर्क रखे हुए है । माननीय वित्त तथा कम्पनी कार्य मंत्री द्वारा की गई घोषणा के प्रति तुरन्त प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, कम्पनी विधि के निर्दिष्ट खण्डों से संबंधित तकनीकी मुद्दों की विशेष रूप से जांच करने के लिए पांच प्रावेशित दल गठित किए गए हैं । एक उच्च स्तरीय कार्यशाला आयोजित करना प्रस्तावित किया गया है जिसमें ऊपर उल्लिखित प्रावेशित दलों द्वारा किए गए अध्ययन के आधार पर तैयार की गई समेकित रिपोर्ट पर चर्चा की जाएगी और तत्पश्चात् ठोस सुझाव माननीय मंत्री जी के पास भेजे जाएंगे ।

कराधान के क्षेत्र में, संस्थान अपनी राजवित्तीय विधि समिति (फिस्कल लाज कमेटी) के माध्यम से केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के साथ निकट रूप से संपर्क बनाए हुए है । बजट-पूर्व तथा उत्तर-बजट ज्ञापन में संस्थान के दृष्टिकोण को प्राधिकारियों का सामान्य समर्थन प्राप्त हुआ है तथा संस्थान द्वारा व्यक्त किए गए अनेक विचारों/सुझावों को उत्साहपूर्वक ग्रहण किया गया है । केन्द्रीय बजट 1996 पर नई दिल्ली में एक उच्च स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें सुप्रसिद्ध व्यवसायियों तथा केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सी. टी. डी. टी.) केन्द्रीय उत्पाद शुल्क और सीमाशुल्क बोर्ड (सी. बी. ई. सी.) तथा आयकर विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया । कर विषयक विधियों और उनके प्रशासन के सरलीकरण पर रचनात्मक और वास्तविक सुझाव देने के लिए एक मंच प्रदान करने तथा राजकोष की हानि को यथासंभव कम करते हुए उसे करदाताओं के लिए अधिकाधिक अनुकूल बनाने की दृष्टि से प्रमुख महानगरों तथा कानपुर में पांच अर्ध-दिवसीय सेमिनार आयोजित किए गए । राजवित्तीय विधि समिति अपने चार प्रकाशनों का संशोधित संस्करण तैयार करने के काम में सक्रिय रूप से लगी है ।

(घ) विशेषज्ञ सलाह (एक्सपार्ट ओपिनियन्स)

पूर्व की भांति, विभिन्न विषयों पर सदस्यों से प्राप्त हुई अनेक शंकाओं पर विचार किया गया और उन पर संस्थान की विशेषज्ञ सलाह समिति द्वारा सलाह दी गई । ''कम्पेंडियम आफ ओपिनियन्स-जिल्द'' को, जिसमें जनवरी 1995 और जनवरी, 1996 के बीच दी गई सलाह सम्मिलित है, प्रकाशित कर दिया गया है ।

(ङ) सतत व्यावसायिक शिक्षा (कन्टीन्यूइंग प्रोफेशनल एजुकेशन)

संस्थान इस तथ्य को स्वीकार करते हैं कि अन्ततोगत्वा सदस्यों को अपने व्यावसायिक कार्यकलापों का स्तर और गुणवत्ता बनाए रखनी चाहिए । संस्थान की भूमिका उन्हें उनका काम सरल बनाने के लिए सहायता तथा साधन उपलब्ध कराने की होती है । मानकों का संरक्षण प्रदान करके तथा वृद्धि करके संस्थान यह सुनिश्चित करता है कि उसके सदस्यों में वे सब कौशल तथा गुण हैं जो उन्हें सौंपे गए उत्तरदायित्वों का प्रभावी रूप से निवहन करने के लिए आवश्यक हैं । इस तथ्य को महसूस करते हुए संस्थान अपनी सतत व्यावसायिक शिक्षा समिति के माध्यम से, समसामयिक सुसंगत तथा महत्व के विषयों/क्षेत्रों में सदस्यों को शिक्षा प्रदान करने का अपना प्रयास जारी रखे हैं । उपलब्ध कराई गई एक सी आधार सामग्री के आधार पर सम्पूर्ण देश में बैंक आडिट, एकाउंटिंग एण्ड आडिटिंग स्टैंडर्डस, आचार-संहिता तथा अप्रत्यक्ष कर (केन्द्रीय विक्रय कर, टैक्सेशन आफ डीम्स सेल ट्रांजेक्शन्स तथा केन्द्रीय उत्पाद शुल्क) पर सतत व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम संचालित किए गए ।

फैरा, फोरन कोलाबोरेशन तथा ज्वाइन्टवैन्चर्स पर बंगलोर में एक सेमिनार आयोजित किया गया । "आस्पैक्ट्स आफ मैनेजमेन्ट एकाउन्टिंग" पर इन्स्टीट्यूट आफ कास्ट एण्ड वर्क्स एकाउन्टेन्ट्स आफ इण्डिया के सहयोग से तथा "कारपोरेट फानान्स एण्ड ला" पर इन्स्टीट्यूट आफ कम्पनी सेक्रेटरीज आफ इण्डिया के सहयोग से संयुक्त सेमिनार क्रमशः पूर्ण तथा चण्डीगढ़ में आयोजित किए गए । प्रत्यक्ष कर, इन्टरनल आडिट, रवैन्यू आडिट एण्ड कन्करेन्ट आडिट तथा प्रोजेक्ट प्रूफ फाइनान्स के क्षेत्रों पर शीघ्र ही सम्पूर्ण देश में सतत व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे । इसी प्रकार, ई. डी. पी. आडिट एण्ड कारपोरेट रिस्ट्रक्चरिंग के क्षेत्र में भी शीघ्र ही सेमिनार आयोजित किए जाएंगे ।

संस्थान सदस्यों के लिए शिक्षणेतर-परीक्षाएं (पोस्ट-क्वालीफिकेशन एक्जामिनेसन्स आयोजित करता रहा है । इस पाठ्यक्रमों को लोकप्रिय बनाने के लिए सभी युक्तियुक्त उपाय किए गए हैं । संस्थान के सभी कम्प्यूटर केन्द्र अपने विशेष रूप से तैयार किए पाठ्यक्रमों के माध्यम से सदस्यों और विद्यार्थियों को कम्प्यूटर शिक्षा प्रदान करते रहे ।

(च) व्यावसायिक विकास (प्रोफेशनल डवलपमेन्ट)

संस्थान, आर्थक ढांचे के विभिन्न खण्डों और विशिष्टतः कराधान से संबंधित विधियों, कम्पनियों और समान विषयों में अत्यधिक महत्वपूर्ण भूमिका निबाहता रहा है । संस्थान ने, व्यापार नीति खण्ड, वाणिज्य मंत्रालय, भारत सरकार के डब्ल्यू. टी. ओ. के अधीन गठित वर्किंग पार्टी आन एकाउन्टेंसी सैक्टर के साथ आयोजित की जाने वाली बातचीत/परिचर्चा में और अधिक प्रभावी तरीके से भाग लेने हेतु समर्थ बनाने के लिए आवश्यक निवेश उपलब्ध कराने में भी अपनी भूमिका निभाही है। संस्थान आर. बी. आई. (रिजर्व बैंक आफ इण्डिया), सेबी, सी. एण्ड ए. जी. (नियंत्रक और महा लेखापरीक्षक) और ऐसे ही अन्य विनियामक निकायों के साथ, जिनसे उसे तकनीकी सलाह हेतु निर्देश प्राप्त हुए हैं, निकट सम्पर्क कायम रखे हैं ।

इन्श्योरेंस रेगुलेटरी अथारिटी ने मैंजरमेन्ट, डिसक्लोजर तथा प्रेजेन्टेशन पहलुओं की बाबत अन्तर्राष्ट्रीय पद्धतियों को ध्यान में रखते हुए लाइफ तथा नान-लाइफ दोनों सैक्टरों में बीमा कम्पनियों के लेखाओं का रूप विधान (फारमेट) पुनः तैयार करने के मामले में कार्यवाही करने के लिए संस्थान को आमंत्रित किया है ।

संस्थान ने, अपनी व्यावसायिक विकास समिति के माध्यम से, बैंकों के कानूनी केन्द्रीय लेखापरीक्षकों का पैनल बनाने के लिए मानदण्डों का पुनर्विलोकन किया है तथा उस आधार पर मानदण्डों में कुछ ऐसे उपान्तरण सुझाव हैं जो बैंक आडिट की प्रभावकारिता में सुधार करने के लिए आशयित हैं तथा उन्हें आर. बी. आई. द्वारा साधारणतः स्वीकार कर लिया गया है । समिति ने इस व्यवसाय के सदस्यों के बीच कार्य का अधिकाधिक सुव्यवस्थित तथा साम्यापूर्ण वितरण सुनिश्चित करने की दृष्टि से पब्लिक सैक्टर की बैंकों की कानूनी शाखा लेखापरीक्षा के आवंटन के लिए कसौटी के बारे में कतिपय सुझाव भी दिए हैं । पब्लिक सैक्टर उपक्रमों के कानूनी लेखापरीक्षकों के पैनल बनाने के लिए मानदण्डों के बारे में सी. एण्ड ए. जी. को भी सुझाव दिए गए हैं । संस्थान के प्रतिनिधियों तथा सी. एण्ड ए. जी. से मिल कर बने संयुक्त दल ने आर्थिक परिदृश्य में नवीनतम परिवर्तनों तथा पब्लिक सैक्टर के उपक्रमों की लेखापरीक्षा में बल-परिवर्तन की परिणामी आवश्यकता के सन्दर्भ में सी. एण्ड ए. जी. द्वारा जारी किए गए निर्देशों का पुनर्विलोकन किया है । इस दल द्वारा दिए गए सुझाव स्वीकार कर लिए गए तथा पुनरीक्षित निदेश जारी किए गए हैं । इसी प्रकार, संस्थान के प्रतिनिधियों, सी. एण्ड ए. जी. तथा साधारण बीमा कम्पनियों के प्रतिनिधियों से मिलकर बने एक अन्य संयुक्त दल ने साधारण बीमा कम्पनियों की बाबत सी. एण्ड ए. जी. द्वारा जारी किए गए निदेशों में परिवर्तनों के लिए सुझाव दिए हैं । इन सुझावों को सम्मिलित कर लिया गया है तथा पुनरीक्षित निदेश जारी कर दिए गए हैं । कानकरेंट आडिट से संबंधित विभिन्न मुद्दों की जांच करने के लिए संस्थान के प्रतिनिधियों तथा इण्डियन बैंक्स एसोसिएशन (आई. बी. ए.) के प्रतिनिधियों से मिल कर बने एक संयुक्त दल का गठन किया गया है ।

(छ) गैर-स्थायी समितियों द्वारा चलाए जा रहे क्रियाकलाप

कतिपय गैर-स्थायी समितियों, जिनमें पूर्ववर्ती पैराओं में वर्णित समितियां भी सम्मिलित हैं, द्वारा चलाए जा रहे महत्वपूर्ण क्रियाकलापों के ब्यौरे इस रिपोर्ट के परिशिष्ट-3 में दिए गए हैं ।

3. अंतर्राष्ट्रीय संबंध

संस्थान, व्यावसायिक लेखापालों के विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय निकायों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है । संस्थान की भूमिका और ऐसे निकायों के साथ उसके संबंधों पर एक संक्षिप्त रिपोर्ट इस रिपोर्ट के परिशिष्ट-4 में दी गई है ।

### 4. चलाए जा रहे अन्य क्रियाकलाप

#### 4.1 विदेशी फर्मों तथा पारस्परिकता से संबंधित मुद्दे

"स्टेज टी आन इश्यूज रिलेटिंग टू फारेन बाडीज/फर्म्स" नामक विशेष समिति ने, जिसका गठन पिछले वर्ष किया गया था, अब अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है। यह रिपोर्ट चार अध्यायों में विभाजित की गई है। जिन विवादकों के संबंध में इस अध्ययन दल में विचार किया गया है और उसके द्वारा जो सिफारिशें दी गई हैं वे विदेशी एकाउंटिंग फर्मों के व्यापारिक (ट्रेड)/फर्म नाम, प्रयास/क्रियाकलापों के अनुमोदन तथा एक दूसरे की अर्हताओं एवं व्यवसाय करने संबंधी अधिकारों को मान्यता देने के लिए विदेशी व्यावसायिक लेखाकरण निकायों (ओवरसीज प्रोफेशनल एकाउंटिंग बाडीज) के साथ पारस्परिकता को शासित करने वाले, विनियमों के संबंध में हैं। जबकि रिपोर्ट के अध्याय, 1, 2 और 3 पर पहले ही विचार किया जा चुका है तथा अध्ययन दल की सभी सिफारिशें परिषद ने स्वीकार कर ली हैं, तथापि पारस्परिकता (रेसीप्रोसिटी) पर शेष अध्याय परिषद के सक्रिय विचाराधीन है। उसे सौंपे गए निर्देशों के विशेष निबंधनों के अलावा, इस अध्ययन दल को विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यू. टी. ओ.) के अन्य सदस्य-निकायों के साथ "जनरल एग्रीमेंट आन ट्रेड इन सर्विसेज" (जी. ए. टी. एस.) के अनुच्छेद के अंतर्गत सरकार की चल रही बातचीत (आन-गोइंग नेगोसिएशंस) के क्रम में व्यापार नीति खंड, वाणिज्य मंत्रालय, भारत सरकार से संस्थान को प्राप्त हुए विभिन्न दस्तावेजों पर अपने विचार/प्रतिक्रिया व्यक्त करने का काम भी सौंपा गया है। अध्ययन-दल के विचारों/प्रतिक्रिया पर विचार किया गया और परिषद के अनुमोदन के पश्चात्, ऊपर उल्लिखित की गई बातचीत में सरकार द्वारा उपयोग किए जाने के लिए संस्थान के निवेश (इनपुट) दिए गए।

#### 4.2 शिक्षा तथा प्रशिक्षण का पुनर्निरीक्षण

पिछले वर्ष गठित कमेटी फार रिव्यू आफ एजुकेशन एण्ड ट्रेनिंग (सी. आई. ई. टी.) की संरचना में उपाध्यक्ष श्री एम. एम. चितले को सह-सभापति के रूप में सम्मिलित किए जाने तथा सहयोजन (को-आप्शन) में परिवर्तन के साथ ही परिवर्तन किया गया है। अब यथा विद्यमान इस समिति की संरचना इस रिपोर्ट के परिशिष्ट-2 में दी गई है।

समाज के व्यापक भाग से सुसंगत जानकारी प्राप्त करने की दृष्टि से समिति ने (1) सी. ए. पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों, (2) व्यवसाय के सदस्यों, (3) व्यवसाय के सदस्यों को सेवाओं का लाभ उठाने वालों, तथा (4), संस्थान से सहयुक्त शिक्षाविदों, को चार पृथक-पृथक प्रश्नावलियां जारी की हैं। उपरोक्त सभी प्रवर्गों को लगभग 16,000 प्रश्नावलियां भेजी गई हैं।

ये प्रश्नावलियां संस्थान की प्रादेशिक परिषदों तथा उनकी शाखाओं के पास भी भेजी गई हैं। सदस्यों तथा विद्यार्थियों के लिए अभिप्रेत प्रश्नावलियों के साथ एक घोषणा भी जर्नल की जुलाई, 1996 वाले अंक में प्रकाशित की गई है।

समिति ने अपने निदेशक के निबन्धों के भिन्न-भिन्न पहलुओं पर, उदाहरणार्थ, "थियारिटिकल एजुकेशन", "सी. ए. पाठ्यक्रम के लिए सिलेबस तथा परीक्षा", "औद्योगिक प्रशिक्षण सहित व्यावहारिक (प्रैक्टीकल) प्रशिक्षण" तथा "पोस्ट-क्वालिफिकेशन कोर्सेज" पर "कंसेप्ट पेपर" तैयार करने के लिए चार प्रादेशिक अध्ययन-दलों का गठन किया है। इन अध्ययन-दलों के द्वारा तैयार किए गए "कंसेप्ट पेपर" पर समिति द्वारा विचार किया जाएगा। समिति ने अपने विचार विनिश्चित करने तथा अपनी सिफारिशों को अंतिम रूप देने से पहले भिन्न-भिन्न केन्द्रों पर चुने हुए व्यक्तियों का मौखिक साक्ष्य लेखबद्ध करने का भी प्रस्ताव रखा है।

#### 4.3 14वां अखिल भारतीय चार्टर्ड एकाउन्टेंट सम्मेलन

14वां अखिल भारतीय चार्टर्ड एकाउन्टेंट सम्मेलन, जो मूलतः दिसम्बर, 1995 में जयपुर में आयोजित किया जाना निश्चित हुआ था, अपरिहार्य कारणों से स्थगित हो गया। अब उक्त सम्मेलन 26, 27 तथा 28 दिसम्बर, 1996 को "बी. एम. बिड़ला आडिटोरियम", जयपुर में आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन का विषय है, "प्रोफेशनल इथीज इन दि न्यू मील्यू"। व्यवसाय के सुप्रतिष्ठित व्यक्तियों से सामयिक विषयों पर बारह पपरों (लेखों) पर चार तकनीकी सत्रों में विचार किया जाएगा। इस सम्मेलन में भारत तथा विदेश के भिन्न-भिन्न निकायों से प्रतिनिधियों के अतिरिक्त इस व्यवसाय के अनेकानेक सदस्यों द्वारा भाग लिए जाने की आशा की जाती है। इस महत्वपूर्ण सम्मेलन-समिति में श्री एम. एम. चितले, उपाध्यक्ष को सह-सभापति के रूप में तथा कुछ अन्य व्यक्तियों को सम्मिलित किए जाने के कारण परिवर्तन हुआ है। अब यथाविद्यमान इस सम्मेलन-समिति की संरचना इस रिपोर्ट के परिशिष्ट 2 में दी गई है।

#### 4.4 प्लेसमेंट फेसिलिटेशन

प्लेसमेंट फेसिलिटेशन (नियुक्ति सरलीकरण), जो सामान्यतया "कैम्पसस्टर इंटरव्यू" (कैम्पस साक्षात्कार) के नाम से ज्ञात थी, की सुविधा नियोजन देने वाले संगठनों तथा साथ ही युवा व्यवसायियों, दोनों को इस उद्योग में प्रतिष्ठित स्थान प्राप्त करने की संभावना ढूंढने तथा उनका सामना करने के लिए एक अवसर प्रदान करने की दृष्टि से सर्वप्रथम सितम्बर, 1995 में आरम्भ की गई थी। प्राप्त हुई प्रतिक्रिया से उत्साहित होकर, विभिन्न शहरों/नगरों में मौजूद युवा सदस्यों की अधिक संख्या के आधार पर चरणबद्ध रीति में इन कैम्पस साक्षात्कार केन्द्रों की संख्या बढ़ाना प्रस्तावित किया गया है। इस स्कीम (योजना) पर इस रिपोर्ट के परिशिष्ट 3 के पैरा 5.1 पर अलग से चर्चा की गई है।

### 5. अन्य मामले

#### 5.1 संस्थान का वार्षिक समारोह

संस्थान का 46वां वार्षिक समारोह दिनांक 16 जनवरी, 1996 को नई दिल्ली में आयोजित किया गया। माननीय एच. आर. भारद्वाज, केन्द्रीय राज्यमंत्री, विधि, न्याय और कम्पनी कार्य

मंत्रालय, इस समारोह के मुख्य अतिथि थे । उन्होंने शील्ड और प्लाक उन कंपनियों और वित्तीय संस्थाओं को प्रदान किए जिन्होंने सर्वोत्कृष्ट प्रस्तुत लेखाओं के लिए संस्थान के प्रतिष्ठित पुरस्कार जीते थे तथा उन्होंने संस्थानों द्वारा संचालित परीक्षाओं में सराहनीय प्रदर्श करने वाले क्षेत्रों को पुरस्कार तथा पदक भी बांटे माननीय मुख्य अतिथि ने संस्थान की पत्रिका में प्रकाशित सर्वोत्कृष्ट लेखों के लिए भी पुरस्कार बांटे तथा संस्थान की उत्कृष्ट प्रादेशिक परिषदों और शाखाओं को शील्ड तथा प्रमाणपत्र भी प्रदान किए । इस समारोह में सदस्यों, विद्यार्थियों तथा संस्थान के अधिकारियों एवं कर्मचारीवृन्द सहित अनेक आमंत्रित व्यक्तियों ने भाग लिया था ।

### 5.2 चार्टर्ड एकाउन्टेंट अधिनियम, 1949 तथा चार्टर्ड एकाउन्टेंट विनियम 1988 में संशोधन

#### क. चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट अधिनियम, 1949 में संशोधन

जैसा कि पिछली रिपोर्ट में प्रतिवेदन किया गया है, संस्थान की परिषद् ने बदलती हुई आवश्यकताओं तथा केन्द्रीय सरकार की उदारीकरण की वर्तमान नीति को ध्यान में रखते हुए चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट अधिनियम 1949 में संशोधनों के लिए एक समेकित प्रस्ताव भेजा है । ये संशोधन सरकार के सक्रिय विचाराधीन हैं ।

#### ख. चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट विनियम, 1988 में संशोधन

सरकार ने सदस्यता तथा सदस्यों द्वारा संदेय सर्टिफिकेट आफ प्रैक्टिस फीस से संबंधित विनियम 6 में के संशोधनों का मार्च, 1996 में अनुमोदन कर दिया । सदस्यों द्वारा संदेय फीस की पुनरीक्षित दरें तारीख 1 अप्रैल, 1996 से लागू कर दी गई हैं । जैसा कि पिछली रिपोर्ट में वर्णित किया गया है, चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट विनियमों के उपबन्धों को सरल बनाने तथा सुव्यवस्थित करने के लिए संस्थान ने सदस्यों, परीक्षाओं, आर्टिकल्ड/आडिट क्लर्कों, निर्वाचन तथा उनसे संबंध में चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट विनियम, 1988 में अनेक संशोधन प्रस्तावित किए हैं । ये संशोधन केन्द्रीय सरकार के विचाराधीन हैं ।

### 5.3 केन्द्रीय परिषद् पुस्तकालय

केन्द्रीय परिषद् पुस्तकालय सदस्यों तथा विद्यार्थियों को पुस्तकों, जर्नलों और समाचार पत्रों की सुविधाएं प्रदान करता है । पुस्तकालय विभिन्न जर्नलों (पत्रिकाओं) और समाचारपत्रों से एकत्रित किए गए लेखों की सुविधा भी प्रदान करता है । इनकी सूची संस्थान के जर्नल में "प्रोफेशनल न्यूज एण्ड व्यूज पब्लिश्ड एल्सव्हेयर" (अन्यत्र प्रकाशित व्यावसायिक समाचार तथा विचार) शीर्षक के अन्तर्गत समय-समय पर प्रकाशित की जाती है । शोधकर्ताओं और फाउण्डेशन कोर्स के विद्यार्थियों के लिए विशेष सुविधा के रूप में एक निर्देशक-सेवा (रिफरेन्स-सर्विस) भी प्रदान की जा रही है ।

इसके अतिरिक्त, पुस्तकालय की सुविधाएं सम्पूर्ण देश के प्रादेशिक केन्द्रों तथा शाखाओं पर भी प्रदान की गई हैं । पुस्तकालयों के विकास के लिए संस्थान द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थाओं तथा स्टडी-सर्किलों को अनुदान प्रदान किए गए हैं ।

### 5.4 जर्नल (पत्रिका)

संस्थान के मासिक जर्नल "दि चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट" को प्रतिवेदनाधीन अवधि भर लोकप्रियता प्राप्त होती रही और उसने अपना उच्च व्यावसायिक स्तर बनाए रखा जिसके परिचालन का आंकड़ा 1,00,000 तक के अंक को भी पार कर गया । चूंकि यह जर्नल ही हमारी प्रतिनिधि है इसलिए इस जर्नल को विभिन्न प्रकार के अभिन्यास (ले-आउट), छपाई (विजुअल्स) आदि के साथ और अधिक पठनीय बनाने के लिए पुनः समीक्षित किया गया है ।

पूर्व की भांति, जुलाई, 1995 से जून, 1996 की अवधि के दौरान जर्नल में प्रकाशित सर्वोत्कृष्ट लेखों के लेखकों को संस्थान के वार्षिक समारोहों में पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे ।

### 5.5 चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स बेनीवोलेन्ट फण्ड (हितकारी निधि)

दिसम्बर, 1962 में स्थापित "चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट बेनीवोलेन्ट फण्ड" जरूरतमंद व्यक्तियों को, जो कि संस्थान के सदस्य हैं या रहे हैं, तथा उनके आश्रितों को आर्थिक सहायता प्रदान करती है । यह सहायता आश्रितों के भरणपोषण, उनकी शिक्षा संबंधी आवश्यकताओं और चिकित्सा व्यय की पूर्ति करने, आदि के लिए प्रदान की जाती है । इस निधि के आजीवन सदस्यों की संख्या 31-8-1995 को 11,162 से बढ़ कर 31-8-1996 को 12,564 हो गई है । योग्य और सुपात्र व्यक्तियों को 31 मार्च, 1996 को समाप्त हुए वर्ष के दौरान 5,20,550 रुपये की धनराशि बांटी गई थी । इस निधि में 31-3-1995 को अतिशेष 79,48,853 रुपये की तुलना में 31-3-1996 को 90,02,883 रुपये का था ।

### 5.6 एस. वेंकटराम अय्यर मेमोरियल फण्ड

31 मार्च, 1996 को समाप्त हुए वर्ष के दौरान चार्टर्ड एकाउन्टेन्सी कोर्स कर रहे विद्यार्थियों को 100/- रुपये प्रति मास की 45 छात्रवृत्तियां दी गई थीं । इस निधि की सदस्यता 31 अगस्त, 1996 को 210 थी । इस निधि में अतिशेष 31-3-1995 को 1,32,902 रुपये के मुकाबले 31-3-1996 को 1,39,183 रुपये का था ।

### 5.7 सी. ए. कोर्स को मान्यता

यह संस्थान, चार्टर्ड एकाउन्टेन्सी कोर्स की पीएच. डी. प्रोग्राम (डाक्टर आफ फिलासोफी कार्यक्रम) के लिए मान्यता दिलाए जाने के लिए विश्वविद्यालयों से सम्पर्क बनाए हुए है । प्रतिवेदनाधीन अवधि के दौरान एक और विश्वविद्यालय अर्थात् बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल ने भी पीएच.डी. कार्यक्रम के लिए सी. ए. कोर्स को मान्यता प्रदान कर दी है । वर्तमान में, एसोसिएशन आफ इण्डियन यूनिवर्सिटीज तथा इण्डियन इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमैंट (अहमदाबाद तथा कलकत्ता) के अतिरिक्त 42 विश्वविद्यालयों ने सी. ए. पाठ्यक्रम को पी. एच. डी. हेतु पंजीकरण के लिए एम. काम. के समकक्ष मान्यता प्रदान की हुई है । जिन संघ/संस्थानों/विश्वविद्यालयों ने इस प्रयोजनार्थ सी. ए. पाठ्यक्रम को मान्यता प्रदान की है, उनकी सूची इस रिपोर्ट को परिशिष्ट-3 के पैरा 11.6 में दी गई है ।

## 6. सदस्य

### 6.1 सदस्यता

31 मार्च, 1996 को समाप्त हुए वर्ष के दौरान संस्थान में 4326 नए सदस्यों का पंजीयन किया गया जिससे 1-4-1996 की कुल सदस्यता 74352 हो गई ।

31 मार्च, 1996 को समाप्त हुए वर्ष के दौरान, पूर्व वर्ष में 2843 अंक की तुलना में फैलो (अध्येताओं) के रूप में 2700 एसोसिएट्स को प्रविष्ट किया गया ।

1-4-1996 को यथाविद्यमान सदस्यों की संख्या

| सदस्यों का प्रवर्ग | फैलो (1) | एसोसिएट्स (2) | कालम (1) व (2) का योग |
|---|---|---|---|
| पूर्णकालिक व्यवसाय में | 29137 | 16085 | 45,222 |
| अंशकालिक व्यवसाय में | 2402 | 5083 | 7,485 |
| व्यवसाय में नहीं | 3432 | 18213 | 21,645 |
| सम्पूर्ण योग | 34,971 | 39,381 | 74,352 |

**6.2 मृत सदस्य**

परिषद्, परिषद् के पूर्व सदस्य श्री पी. आर. मेहरा तथा श्री डी. रंगास्वामी के दुखद निधन पर गहरा शोक करती है। परिषद् अनेक दूसरे सदस्यों के दुखद निधन पर भी गहरा शोक प्रकट करती है। उन सदस्यों के नाम, जिनकी मृत्यु हो जाने के कारण, 31 मार्च, 1996 को समाप्त हुए वर्ष के दौरान, सदस्य-रजिस्टर से नाम काट दिए गए, इस रिपोर्ट के परिशिष्ट-5 में दिए गए हैं।

**6.3 अनुशासनिक समिति (डिसिप्लीनरी कमेटी)**

1-4-1995 से लेकर 31-3-1996 तक की अवधि के दौरान परिषद् तथा अनुशासनिक समिति के समक्ष प्रस्तुत किए गए मामलों के ब्यौरे नीचे दिए गए हैं।

1. (क) परिषद् द्वारा धारा 21 के अधीन अपनी इस प्रथमदृष्टया सलाह के लिए निर्धारित मामलों की संख्या कि उन मामलों विचारितमामलों की संख्या कि उन मामलों को अनुशासनिक समिति को विनिर्दिष्ट किया जाए या नहीं — 75

   (ख) उपरोक्त मामलों की संख्या में से जांच के लिए अनुशासनिक समिति को निर्दिष्ट किए गए मामलों की संख्या — 31

2. उपरोक्त अवधि के दौरान (जांच के लिए समिति के पास लंबित कुल मामलों में से) अनुशासनिक समिति द्वारा सुनवाई किए गए मामलों की संख्या — 11

3. अनुशासनिक समिति की रिपोर्टों पर परिषद् द्वारा विचार किए गए मामलों की संख्या (जिनमें पूर्व वर्ष के दौरान सुने गए मामलों की रिपोर्टें भी सम्मिलित हैं) — 50

4. उपरोक्त संख्या में से :

   (क) ऐसे मामलों की संख्या, जिनमें प्रत्यर्थियों को प्रथम अनुसूची के अधीन दोषी पाया गया, जिन्हें धारा 21 (4) के अधीन पारित किए जाने के लिए परिषद् के समक्ष सुनवाई का अवसर प्रदान किया जाना है। — 18

   (ख) ऐसे मामलों की संख्या, जिनमें प्रत्यर्थियों को अनुसूची के अधीन और/या अन्य अवचार के आधार पर दोषी पाया गया, जिन्हें धारा 21 (5) के अधीन उच्च न्यायालयों को निर्दिष्ट किया जाना है। — 05

   (ग) ऐसे मामलों की संख्या, जिनमें प्रत्यर्थियों को प्रथम अनुसूची तथा द्वितीय अनुसूची/अन्य अवचार के अधीन दोषी पाया गया। — 03

   (घ) ऐसे मामलों की संख्या, जो अतिरिक्त जांच के लिए अनुशासनिक समिति को वापस भेजे गए। — 02

   (ङ) ऐसे मामलों की संख्या, जिनमें प्रत्यर्थियों को किसी भी अवचार का दोषी नहीं पाया गया।

5. ऐसे मामलों की संख्या, जिनमें प्रत्यर्थियों को प्रथम अनुसूची के अधीन दोषी पाया गया, जिनकी धारा 21 (4) के अधीन सुनवाई की गई। — 03

6. ऐसे मामलों की संख्या, जिनका धारा 21(6) के अधीन उच्च न्यायालयों द्वारा निपटारा किया गया। — 01

**7. विद्यार्थी**

7.1 अध्ययन-बोर्ड (बोर्ड आफ स्टडीज), व्यवसाय-पूर्व फाउण्डेशन कोर्स के विद्यार्थियों तथा चार्टर्ड एकाउन्टेंसी (इंटरमीडिएट व फाइनल) के व्यावसायिक पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों के लिए कोचिंग-सामग्री तैयार करने तथा उपलब्ध कराने के अपने क्रिया-कलाप जारी रखे हुए है। 31 मार्च, 1996 को समाप्त हुए वर्ष के दौरान फाउण्डेशन, इंटरमीडिएट तथा फाइनल कोर्स के लिए अध्ययन सामग्री को जहां आवश्यक था, अद्यतन तथा पुनरीक्षित किया गया और प्रकाशित किया गया।

7.2 31 मार्च, 1996 को समाप्त हुए वर्ष के दौरान भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में फाउण्डेशन कोर्स के लिए पंजीकृत विद्यार्थियों की कुल संख्या 29015 थी। इस क्षेत्रवार संख्या इस रिपोर्ट के परिशिष्ट-6 में दी गई है।

7.3 31 मार्च, 1995 को तथा 31 मार्च, 1996 को समाप्त हुए वर्ष के दौरान इंटरमीडिएट तथा फाइनल कोर्सों (पाठ्यक्रमों) के लिए रजिस्टर में प्रविष्ट किए गए विद्यार्थियों की संख्या इस प्रकार है :—

| कोर्स | 1995-96 | 1994-95 |
|---|---|---|
| इंटरमीडिएट | 19288 | 18531 |
| फाइनल | 8675 | 5770 |

7.4 बोर्ड आफ स्टडीज (अध्ययन बोर्ड) की नामावली में 31 मार्च, 1996 को यथाविद्यमान विद्यार्थियों की कुल संख्या (उन विद्यार्थियों को अपवर्जित करते हुए जिन्हें फाउण्डेशन कोर्स के लिए पंजीकृत किया गया है) 1,34,876 थी जबकि 31 मार्च, 1995 को विद्यार्थियों की कुल संख्या 1,20,756 थी। इसके ब्यौरे इस रिपोर्ट के परिशिष्ट-7 में दिए गए हैं।

7.5 31 मार्च, 1996 को समाप्त हुए वर्ष के दौरान, 29 संस्थाओं को फाउण्डेशन कोर्स के विद्यार्थियों के लिए कक्षाएं चलाने के लिए मान्यता (एक्रीडिटेशन) प्रदान की गई। 31 मार्च, 1996 को यथाविद्यमान फाउण्डेशन कोर्स के लिए मान्य संस्थाओं की संख्या 248 थी। मान्यता दी गई संस्थाओं के कार्य प्रदर्शन के पुनर्विलोकन के आधार पर 36 संस्थाओं के नाम इस सूची से काट दिए गए क्योंकि वे 2(दो) वर्ष की निरन्तर अवधि तक कक्षाएं नहीं चला रहे थे। नवम्बर, 1995 और मई, 1996 बैच के विद्यार्थियों के फायदे के लिए क्रमशः 50 मान्य संस्थाओं द्वारा (जिनमें 2 प्रादेशिक परिषद् और 8 शाखाएं सम्मिलित हैं) तथा 98 मान्य संस्थाओं द्वारा (जिनमें 1 परिषद और 8 शाखाएं सम्मिलित हैं) कक्षाएं आयोजित की गईं।

7.6 31 मार्च, 1996 को समाप्त हुए वर्ष के दौरान, मान्यता योजना का लाभ इंटरमीडिएट कोर्स के विद्यार्थियों के फायदे के लिए कक्षाएं चलाने वाली 12 संस्थाओं को भी प्रदान किया गया। इस प्रकार 31 मार्च, 1996 को इंटरमीडिएट कोर्स के लिए कुल 42 मान्य संस्थाएं थीं (35 कालिज, 6 प्रादेशिक परिषदों की शाखाएं और 1 प्रादेशिक परिषद) 1 नवम्बर, 1995 तथा मई, 1996 बैच के इंटरमीडिएट कोर्स के विद्यार्थियों के फायदे के लिए 6 मान्य संस्थाओं द्वारा जिनमें 1 प्रादेशिक परिषद की शाखा सम्मिलित है) कक्षाएं आयोजित की गईं।

7.7 मान्य संस्थाओं के कार्यप्रदर्शन का मॉनिटर करने के लिए भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में स्थापित प्रादेशिक मॉनिटर समितियों द्वारा मान्यता दिए जाने के लिए की गई प्रार्थनाओं और अन्य विषयों पर विचार करने के लिए नियमित रूप से बैठकें किया करती हैं। इस मान्यता-योजना के पुनर्विलोकन के भागस्वरूप सभी मान्य संस्थाओं को कक्षाओं और अन्य संबंधित विषयों के बारे में फीड बैक प्राप्त करने के लिए एक प्रश्नावली भेजी गई।

7.8 जर्नल में प्रकाशित "क्विज कंटेस्ट फार स्टूडेंट्स" नाम मासिक फीचर को, जिसके अन्तर्गत चार्टर्ड एकाउन्टेंसी पाठ्य-विवरण के भिन्न-भिन्न विषय सम्मिलित हैं, विद्यार्थियों से अच्छी प्रतिक्रिया मिलती रही है। तीन सबसे अधिक अंक पाने वालों को तीन पुरस्कार (प्रथम पुरस्कार 500/- रुपये का, द्वितीय पुरस्कार 400/- रुपये का और तृतीय पुरस्कार 300/- रुपये का प्रदान किए जा रहे हैं। 31 मार्च, 1996 को समाप्त हुए वर्ष के दौरान इन 8 क्विज प्रतियोगिताओं में 285 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

7.9 बोर्ड ने विद्यार्थियों में बेहतर सम्प्रेषण कौशल पैदा करने के लिए शाखा स्तर, प्रादेशिक स्तर और राष्ट्रीय स्तर पर अनेक वाक-प्रतियोगिताएं आयोजित करने के लिए एक योजना बनाई है। इस योजना के अन्तर्गत एस. आई. आर. सी. की 14 शाखाओं औरों साथ ही एस. आई. आर. सी. (मद्रास) द्वारा, डब्ल्यू. आई. आर. सी. की 4 शाखाओं, डब्ल्यू. आई. आर. सी. (मुम्बई), सी. आई. आर. सी. (कानपुर) तथा एन. आई. आर. सी. (नई दिल्ली) द्वारा वाक्-प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रादेशिक स्तर पर अंतिम प्रतियोगिताएं मद्रास, मुम्बई तथा कानपुर में भी आयोजित की गईं।

अखिल भारतीय अंतिम वाक्-प्रतियोगिता तारीख 16 सितम्बर, 1995 को नई दिल्ली में आयोजित की गई। प्रादेशिक स्तर से 21 विजेताओं को इस अंतिम प्रतियोगिता के लिए आमंत्रित किया गया जिसमें से 12 प्रतियोगियों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। जैसी कि आरंभ में घोषणा की गई थी, सर्वश्रेष्ठ वक्ताओं को प्रदान किए गए 3 पुरस्कारों के अतिरिक्त 2 सान्त्वना पुरस्कार भी प्रदान किए गए।

7.10 एस. आई. आर. सी. की एर्नाकुलम, मदुराई, कलीकट, हुबली तथा बेंगलोर शाखाओं तथा सी. आई. आर. सी. की लखनऊ शाखा द्वारा विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय सेमिनार आयोजित किए गए।

7.11 बोर्ड ने वर्ष 1996 के दौरान भी विद्यार्थियों के लिए वाक्-प्रतियोगिता तथा एक-दिवसीय सेमिनारों की योजना को चलाए रखने का निर्णय किया है। फाइनल कोर्स के विद्यार्थियों के फायदे के लिए प्रादेशिक तथा शाखा-स्तर पर इनडाइरेक्ट टैक्सेज (अप्रत्यक्ष कर) विषय पर कक्षाएं आयोजित करने की एक विशेष योजना भी शुरु की है।

7. 12 10वां अखिल भारतीय सी. ए. विद्यार्थी सम्मेलन तारीख 5 और 6 जनवरी, 1996 को कलकत्ता में आयोजित किया गया, जिसका मुख्य विषय था "एकाउन्टेंसी इन दि न्यू मिलेनियम"। इसमें 480 प्रतिनिधियों ने (जिसमें 221 बाहर के प्रतिनिधि थे) भाग लिया। श्री के. पी. सिंह, उपाध्यक्ष, आयकर, कलकत्ता, द्वारा इस सम्मेलन का उद्घाटन-सत्र में माननीय श्री सरल देवे, प्रभारी मंत्री, सहकारिता पश्चिमी बंगाल सरकार तथा श्री टी. एस. विश्वनाथ, तत्कालीन उपाध्यक्ष, ने भाषण दिया था।

7.13 पश्चिमी भारत चार्टर्ड एकाउन्टेंट छात्र संघ की अहमदाबाद शाखा ने 19 और 20 अगस्त, 1995 को अहमदाबाद में एक प्रादेशिक चार्टर्ड एकाउन्टेंट छात्र सम्मेलन आयोजित किया। पश्चिमी भारत से 197 विद्यार्थियों ने इस सम्मेलन में भाग लिया।

7.14 31 मार्च, 1996 को समाप्त हुए वर्ष के दौरान संस्थान की निधि से 239 विद्यार्थियों को (जिनमें से आवश्यकता आधारित छात्रवृत्तियां 190, आंशिक फ्रीशिप 5, मेरिट आधारित छात्रवृत्तियां 24 तथा मेरिट व आवश्यकता आधारित छात्रवृत्तियां 20 थीं। तथा इस प्रयोजनार्थ सृष्ट किए गए विन्यासों की आय से 32 छात्रवृत्तियां प्रदान की गईं।

7.15 इंटरमीडिएट कोर्स के लिए "कास्टिंग" विषय में तथा फाइनल कोर्स के लिए "क्वांटिटेटिव टैक्नीक्स" विषय में प्रश्न और उत्तरों के संग्रह (कंपाइलेशन) प्रकाशित कर दिए गए।

7.16 मई, 1995 तथा नवम्बर, 1995 में आयोजित फाउण्डेशन, इंटरमीडिएट तथा फाइनल परीक्षाओं के लिए सजेस्टेड आंसर्स वोल्यूम तथा फाउण्डेशन कोर्स के लिए हिन्दी सजेस्टेड आंसर्स वोल्यूम भी प्रकाशित किए गए हैं।

8. परीक्षाएं

8.1 चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट की फाइनल तथा इंटरमीडिएट परीक्षाएं मई, 1995 तथा नवम्बर, 1995 में 50 केन्द्रों पर आयोजित की गई थी। फाउण्डेशन परीक्षाएं मई, 1995 तथा नवम्बर, 1995 में 48 केन्द्रों पर आयोजित की गई।

8.2 मई, 1995 में आयोजित फाइनल, इंटरमीडिएट तथा फाउण्डेशन परीक्षाओं में बैठे विद्यार्थियों की कुल संख्या क्रमश: 15967, 34219 तथा 12972 तथा नवम्बर, 1995 में आयोजित परीक्षाओं में बैठे विद्यार्थियों की कुल संख्या क्रमश: 16177, 38168 तथा 10774 थी। इन परीक्षाओं के परिणामों का सारांश जिसमें उन अभ्यर्थियों की संख्या जो उक्त परीक्षाओं में बैठे हैं तथा उन अभ्यर्थियों की संख्या दर्शित की है जिन्हें सफल (उत्तीर्ण) घोषित किया गया है, इस रिपोर्ट के परिशिष्ट-8 में दिया गया है।

8.3 जिन अभ्यर्थियों (छात्रों) को मई/नवम्बर, 1995 में आयोजित परीक्षाओं में पुरस्कार तथा योग्यता प्रमाणपत्र प्रदान किए गए हैं, उनके नाम रिपोर्ट के परिशिष्ट-9 में दिए गए हैं।

9. प्रादेशिक परिषद तथा प्रादेशिक परिषदों की शाखाएं

9.1 प्रादेशिक परिषद और उनकी शाखाएं

संस्थान पांच प्रादेशिक परिषद हैं, अर्थात्—वैस्टर्न इंडिया रीजनल काउंसिल, सदर्न इंडिया रीजनल काउंसिल ईस्टर्न इंडिया रीजनल काउंसिल, सैन्ट्रल इंडिया रीजनल काउंसिल तथा नार्दर्न इंडिया रीजनल काउंसिल जिसके मुख्यालय क्रमश: मुंबई, मद्रास, कलकत्ता, कानपुर और नई दिल्ली में हैं। सम्पूर्ण देश में प्रादेशिक परिषदों की शाखाओं की कुल संख्या 81 है। इन शाखाओं की सूची इस रिपोर्ट के परिशिष्ट-10 में दी गई है।

9.2 भवन

प्रतिवेदनाधीन अवधि के दौरान, कतिपय प्रादेशिक परिषदों की शाखाओं को स्वयं अपने भवन रखने में रुचि बनी रही। जबकि सिलीगुड़ी शाखा ने अपने भवन की परियोजना (प्रोजेक्ट) पूरी कर ली, वहीं अहमदाबाद, पालघाट, मदुरई, गाजियाबाद और रायपुर शाखाओं के परिसर निर्माणाधीन पूरे होने वाले हैं।

9.3 सर्वश्रेष्ठ प्रादेशिक परिषद तथा प्रादेशिक परिषदों की सर्वश्रेष्ठ शाखा के लिए आवर्ती शील्ड (रोटेटिंग शील्ड)

सन् 1986-87 से ही संस्थान सर्वश्रेष्ठ प्रादेशिक परिषद को आवर्ती शील्ड प्रदान करता रहा है। यह पुरस्कार प्रादेशिक परिषद् के सम्पूर्ण कार्य प्रदर्शन के आधार पर प्रदान किया जाता है। उसी प्रकार, प्रतिवर्ष सर्वश्रेष्ठ शाखा को भी आवर्ती शील्ड प्रदान की जाती है। यह पुरस्कार स्थापित सिद्धान्तों के आधार पर प्रदान किया जाता है। वर्ष 1996 के लिए इन शील्डों को वार्षिक समारोह में प्रदान किया जाएगा।

10. वित्त तथा लेखा

परिषद द्वारा यथा अनुमोदित 31 मार्च, 1996 को यथा-विद्यमान तुलनपत्र (बैलेंस शीट) और उक्त तारीख को समाप्त हुए वर्ष का आय-व्यय लेखा संलग्न किया जाता है।

11. आभार

11.1 परिषद, संस्थान के उन सभी सदस्यों, जिन्होंने संस्थान की समितियों में सहयोजित सदस्यों के रूप में कार्य किया है तथा उन गैर-सदस्यों के प्रति जिन्होंने वर्ष 1995-96 के दौरान परिषद् के शैक्षिक, तकनीकी एवं अन्य कार्यकलापों में और उनकी परीक्षाओं में परिषद की सहायता की है, अपना आभार प्रकट करती है।

11.2 परिषद, सरकार और परिषद, में अपने मनोनीत सदस्यों द्वारा वर्ष 1995-96 के दौरान निरन्तर दी गई सहायता और समर्थन के प्रति भी अपना आभार प्रकट करती है।

11.3 परिषद, संस्थान के सभी अधिकारियों और कर्मचारीवृन्द द्वारा वर्ष 1995-96 के दौरान किए गए उनके ईमानदार और समर्पित प्रयासों के प्रति भी अपना आभार प्रकट करती है।

वार्षिक रिपोर्ट की परिशिष्टियां

परिशिष्ट-1

(रिपोर्ट के पैरा 1.1 के संदर्भ में)

सोलहवीं परिषद् के सदस्य

(31 मार्च 1996 को)

| | |
|---|---|
| श्री अग्रवाल, आर० के० | कलकत्ता |
| श्रीमती अम्मासी, प्रिया | कोयम्बतोर |
| श्री बूपथी, आर० | मद्रास |
| श्री चक्रवर्ती, ए० के० | कलकत्ता |
| श्री चन्दक, ए० के० | नागपुर |
| श्री छाजेद, एस० पी० | मुम्बई |
| श्री चितले, एम० एम० | मुम्बई |
| *श्री दरक, बी० सी० | मुम्बई |
| श्री दोशी, जी० बी० | मुम्बई |
| श्री गोयल, सुनील | जयपुर |
| *श्री गुप्ता के० डी० (20-7-95 से) | नई दिल्ली |
| श्री गुप्ता, एन० डी० | नई दिल्ली |
| श्री गुप्ता, एन० के० | कानपुर |
| श्री अय्यर, एन० बी० | मुम्बई |
| *डा० जैन, बी० सी० | कानपुर |
| *श्री जोशी, आर० डी० | नई दिल्ली |
| श्री काले, वाई० एम० | मुम्बई |
| श्री खन्ना, एम० ए० | नई दिल्ली |
| *श्री माथुर, बी० पी० (15-1-96 से) | नई दिल्ली |
| श्री मेहता, के० एस० | नई दिल्ली |
| श्री मोटिवाला, एच० एन० | मुम्बई |
| श्री नित्यानन्द, एन० | बंगलौर |
| श्री राव, एस० एस० आर० कोटेश्वरा | हैदराबाद |
| श्री राय, राहुल | कलकत्ता |

| | | |
|---|---|---|
| श्री शाह, ए० सी० | | अहमदाबाद |
| श्री सिंह, अश्वजीत | | नई दिल्ली |
| श्री सिथारामन, जी० | | मद्रास |
| श्री उपाध्याय, पी० पी० गुरूराजा | | मद्रास |
| *श्री वासुदेवा, एम० सी० | | नई दिल्ली |
| श्री विश्वनाथ, टी० एस० | | नई दिल्ली |

*केन्द्रीय सरकार द्वारा मनोनीत सदस्य।

परिशिष्ट —2

(रिपोर्ट के पैरा 1.4 के सन्दर्भ में)

वर्ष 1996-97 के लिये स्थाई एवं गैर स्थाई समितियों की संरचना

अ—अस्थाई समितियां

कार्यकारिणी समिति

| | | |
|---|---|---|
| श्री टी० एस० विश्वनाथ, अध्यक्ष | | नई दिल्ली |
| श्री एम० एम० चितले, उपाध्यक्ष | | मुम्बई |
| श्री एस० एस० आर० कोटेश्वरा, राव | | हैदराबाद |
| श्री राहुल राय | | कलकत्ता |
| श्री ए० सी० शाह | | अहमदाबाद |

परीक्षा समिति

| | | |
|---|---|---|
| श्री टी० एस० विश्वनाथ, अध्यक्ष | | नई दिल्ली |
| श्री एम० एम० चितले, उपाध्यक्ष | | मुम्बई |
| श्री आर० के० अग्रवाल, | | कलकत्ता |
| श्री एन० डी० गुप्ता | | नई दिल्ली |
| श्री एन० नित्यानन्द | | बंगलौर |

अनुशासनात्मक समिति

| | | |
|---|---|---|
| श्री टी० एस० विश्वनाथ, अध्यक्ष | | नई दिल्ली |
| श्री एम० एम० चितले, उपाध्यक्ष | | मुम्बई |
| श्री एस० पी० छाजेड | | मुम्बई |
| श्री आर० डी० जोशी | | नई दिल्ली |
| श्री जी० सीथारमन | | मद्रास |

ब—गैर स्थाई समितियां

लेखा विधि मानक बोर्ड (एकाउन्टिंग स्टैन्डर्ड बोर्ड)

| | | |
|---|---|---|
| श्री एम० एम० खन्ना, सभापति | | नई दिल्ली |
| श्री एन० बी० अय्यर, उप सभापति | | मुम्बई |
| श्री टी० एस० विश्वनाथ, अध्यक्ष (भूतपूर्व पदेन) | | नई दिल्ली |
| श्री एम० एम० चितले, उपाध्यक्ष (भूतपूर्व पदेन) | | मुम्बई |
| श्री आर० के० अग्रवाल | | कलकत्ता |
| श्री आर० भूपथी | | मद्रास |
| श्री के० डी० गुप्ता | | नई दिल्ली |
| श्री आर० डी० जोशी | | नई दिल्ली |
| श्री बी० पी० माथुर | | नई दिल्ली |
| श्री जी० नारायणन | सहयोजित | हैदराबाद |
| श्री वाई० एच० मलेगम | सहयोजित | मुम्बई |
| श्री अमिताभ कोठारी | सहयोजित | कलकत्ता |
| श्री आदित्य बी० लोढ़ा | सहयोजित | कलकत्ता |
| श्री कुनाल बनर्जी | सहयोजित | कलकत्ता |

लेखा परीक्षा पद्धतियां समिति (आडिटिंग प्रैक्टिसेज कमेटी)

| | | |
|---|---|---|
| श्री एन० बी० अय्यर सभापति | | मुम्बई |
| श्री ए० सी० शाह, उप सभापति | | अहमदाबाद |
| श्री टी० एस० विश्वनाथ, अध्यक्ष (भूतपूर्व पदेन) | | नई दिल्ली |
| श्री एम० एम० चितले, उपाध्यक्ष, (भूतपूर्व पदेन) | | मुम्बई |
| श्री आर० के० अग्रवाल | | कलकत्ता |
| श्री बी० पी० माथुर | | नई दिल्ली |
| श्री एन० नित्यानन्द | | बंगलौर |
| श्री बी० आर० वैथीस्वरण | सहयोजित | मद्रास |
| श्री पी० आर० रमेश | सहयोजित | कलकत्ता |
| श्री त्रिदिबेस मसु | सहयोजित | नई दिल्ली |

सतत व्यवसायिक शिक्षा समिति

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुनील गोयल, सभापति | | जयपुर |
| श्री के० एम० मेहता, उप सभापति | | नई दिल्ली |
| श्री टी० एस० विश्वनाथ, अध्यक्ष, (पूर्व पदेन) | | नई दिल्ली |
| श्री एम० एम० चितले, उपाध्यक्ष (पूर्व पदेन) | | मुम्बई |
| श्री ए० के० चन्दक | | नागपुर |
| श्री एस० एम० आर० कोटेश्वरा राव | | हैदराबाद |
| श्रीमती प्रिया भन्साली | | कोयम्बटूर |
| श्री विजयकान्त जैन | सहयोजित | जयपुर |
| श्री के० एन० गुप्ता | सहयोजित | नई दिल्ली |
| श्रीमती भावना दोशी | सहयोजित | मुम्बई |

उद्योग के सदस्यों के लिये समिति

| | | |
|---|---|---|
| श्री ए० के० चन्दक, सभापति | | नागपुर |
| श्री राहुल राय, उप सभापति | | कलकत्ता |
| श्री एम० एम० चितले, उपाध्यक्ष (भूतपूर्व पदेन) | | मुम्बई |
| श्री बी० जी० दरक | | मुम्बई |
| श्री एन० डी० गुप्ता | | नई दिल्ली |
| श्री एन० नित्यानन्द | | बंगलौर |
| श्री रमेश डी० चन्दक | सहयोजित | मुम्बई |
| श्री राकेश खन्ना | सहयोजित | लुधियाना |
| श्री आर० बाला कृष्णन | सहयोजित | मद्रास |

राजवित्तीय विधि समिति

| | | |
|---|---|---|
| श्री आर० भूपति, सभापति | | मद्रास |
| श्री जी० सीथारमन, उप सभापति | | मद्रास |
| श्री टी० एस० विश्वनाथ, अध्यक्ष (भूतपूर्व पदेन) | | नई दिल्ली |
| श्री जी० डी० दोशी | | मुम्बई |
| श्री के० डी० गुप्ता | | नई दिल्ली |
| श्री सुनील गोयल | | जयपुर |
| श्री एस० सी० वासुदेवा | | नई दिल्ली |
| श्री टी० एन० मनोहरन | सहयोजित | मद्रास |
| श्री विनय ठोठो | सहयोजित | नई दिल्ली |
| श्री निर्मल कुमार पोद्दार | सहयोजित | कलकत्ता |

नियमित विधि समिति

| | | |
|---|---|---|
| श्री एम० सी० वासुदेवा, सभापति | | नई दिल्ली |
| श्री ए० के० चक्रवर्ती, उप सभापति | | कलकत्ता |
| श्री एन० एम० चितले, उपाध्यक्ष (भूतपूर्व पदेन) | | मुम्बई |
| श्री एन० के० गुप्ता | | कानपुर |
| श्री आर० डी० जोशी | | नई दिल्ली |
| श्री एस० एस० आर० कोटेश्वरा राव | | हैदराबाद |
| श्री के० एम० मेहता | | नई दिल्ली |
| श्री आर० एन० बंसल | सहयोजित | नई दिल्ली |
| श्री अनिल भल्ला | सहयोजित | नई दिल्ली |
| श्री उदय माधव चितले | सहयोजित | मुम्बई |

नैतिक मानदण्ड तथा लेखा परीक्षाओं का अनुचित रूप से निकाला जाना

विषयक समिति

| | | |
|---|---|---|
| श्री एन० के० गुप्ता, सभापति | | कानपुर |
| श्री जी० बी० दोशी, उप सभापति | | मुम्बई |
| श्री टी० एस० विश्वनाथ, अध्यक्ष (भूतपूर्व पदेन) | | नई दिल्ली |
| श्री ए० के० चन्दक | | नागपुर |
| श्री एस० पी० छाजेड | | मुम्बई |
| श्री पी० पी० गुरूराजा, उपाध्याय | | मद्रास |
| श्री पी० एन० शाह | सहयोजित | मुम्बई |
| श्री डी० सीतारमइया | सहयोजित | हैदराबाद |
| श्री प्रदीप सेठ | सहयोजित | कानपुर |

विशेषज्ञ सलाहकार समिति

| | | |
|---|---|---|
| श्री पी० पी० गुरूराजा, उपाध्याय, सभापति | | मद्रास |
| श्री एन० नित्यानन्द, उप सभापति | | बंगलौर |
| श्री एम० एम० चितले, उपाध्यक्ष (भू० पू० पदेन) | | मुम्बई |
| श्री अश्वजीत सिंह | | नई दिल्ली |
| श्री एन० डी० गुप्ता, | | नई दिल्ली |
| डा० बी० सी० जैन | | कानपुर |
| श्री वाई० एम० काले | | मुम्बई |
| श्री वेनुगोपाल सी० गोविन्द | सहयोजित | अरनाकुलम |
| श्री बी० रत्नम | सहयोजित | नई दिल्ली |
| श्री एस० के० गांगुली | सहयोजित | |

अध्ययन बोर्ड

| | | |
|---|---|---|
| श्री जी० बी० दोशी, सभापति | | मुम्बई |
| श्री एन० के० गुप्ता, उप सभापति | | कानपुर |
| श्री टी० एस० विश्वनाथ, अध्यक्ष (भू० पू० पदेन) | | नई दिल्ली |
| श्री एम० एम० चितले, उपाध्यक्ष (भू० पू० पदेन) | | मुम्बई |
| श्री आर० भूपति | | मद्रास |
| श्री पी० पी० गुरूराजा उपाध्याय | | मद्रास |
| श्री एस० सी० वासुदेव | | नई दिल्ली |
| श्री सुधाकर नारायनन कुलकर्णी | सहयोजित | नासिक |
| श्री प्रदीप सेवन्ती लाल शाह | सहयोजित | मुम्बई.. |
| श्री सुवमा घोष | सहयोजित | कलकत्ता |

विश्वविद्यालय एवं उच्चतर माध्यमिक बोर्ड सम्पर्क समिति.

| | | |
|---|---|---|
| श्री एच० एन० मोतिवाला, सभापति | | मुम्बई |
| डा० बी० सी० जैन, उप सभापति | | कानपुर |
| श्री एम० एम० चितले, उपाध्यक्ष (भू० पू० पदेन) | | मुम्बई |
| श्रीमती प्रिया भन्साली | | कोयम्बटोर |
| श्री के० एस० मेहता | | नई दिल्ली |
| श्री ए० सी० शाह | | अहमदाबाद |
| श्री सुनील गोयल | | जयपुर |
| श्री पंकज चमनलाल चवियानी | सहयोजित | मुम्बई |
| श्री ओ० बी० गवग | सहयोजित | हुगली |
| श्री कन्हैयालाल आर० अग्रवाल | सहयोजित | इंदौर |

व्यवसायिक विकास समिति

| | | |
|---|---|---|
| श्री ए० के० चक्रवर्ती, सभापति | | कलकत्ता |
| श्री एन० डी० गुप्ता, | | नई दिल्ली |
| श्री टी० एस० विश्वनाथ, अध्यक्ष (भू० पू० पदेन) | | नई दिल्ली |
| श्री एम० एम० चितले, उपाध्यक्ष (भू० पू० पदेन) | | मुम्बई |
| श्री बी० सी० दरक | | मुम्बई |
| श्री एन० के० गुप्ता | | कानपुर |
| श्री एच० एन० मोतिवाला | | मुम्बई |
| श्री आई० सी० जैन | सहयोजित | मुम्बई |
| श्री पी० के० चौधरी | सहयोजित | नई दिल्ली |
| श्री कुल भूषण कपूर | सहयोजित | नई दिल्ली |

जन सम्पर्क समिति

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती प्रिया भन्साली, सभापति | | कोयम्बटूर |
| श्री आर० के० अग्रवाल, उपसभापति | | कलकत्ता |
| श्री टी० एस० विश्वनाथ, अध्यक्ष (भू० पू० पदेन) | | नई दिल्ली |
| श्री एम० एम० चितले, उपाध्यक्ष (भू० पू० पदेन) | | मुम्बई |
| श्री अश्वजीत सिंह | | नई दिल्ली |
| श्री आर० भूपति | | मद्रास |
| श्री आर० के० कुमार | सहयोजित | मद्रास |
| श्री कमल फारुखी | सहयोजित | नई दिल्ली, |
| श्री अनिल शंकरराव वाती | सहयोजित | नागपुर |

अनुसन्धान समिति

| | | |
|---|---|---|
| श्री के० एस० मेहता, सभापति | | नई दिल्ली |
| श्री एम० एम० खन्ना, उप सभापति | | नई दिल्ली |
| श्री टी० एस० विश्वनाथ, अध्यक्ष (भू० पू० पदेन) | | नई दिल्ली |
| श्री जी० बी० दोषी | | मुम्बई |
| डा० बी० सी० जैन | | कानपुर |
| श्री वाई० एम० काले | | मुम्बई |
| श्री जी० सीतारमन | | मद्रास |
| श्री केतन अरविन्द दलाल | सहयोजित | मुम्बई |
| श्री बी० राजारमण | सहयोजित | नई दिल्ली |
| श्री दीपांकर चटर्जी | सहयोजित | कलकत्ता |
| डा० एस० एम० डुगर | | नई दिल्ली |

अंतर्राष्ट्रीय कार्यसमिति

| | | |
|---|---|---|
| श्री टी० एस० विश्वनाथ, सभापति | | नई दिल्ली |
| श्री एम० एम० चितले, उप सभापति | | मुम्बई |
| श्री ए० के० चक्रवर्ती | | कलकत्ता |
| श्री एन० बी० अय्यर | | मुम्बई |
| श्री एम० एम० खन्ना | | नई दिल्ली |
| श्री जी० सीतारमण | | मद्रास |
| श्री अमल गांगुली | सहयोजित | नई दिल्ली |
| श्री एन० सी० सुन्दरराजन | सहयोजित | मद्रास |
| श्री के० एम० अग्रवाल | सहयोजित | नई दिल्ली |

आई० सी० ए० आई०—आई० सी० डब्ल्यू० ए० आई०—आई० सी० एस० आई० समन्वय समिति

| | |
|---|---|
| श्री टी० एस० विश्वनाथ, नेता (लीडर) | नई दिल्ली |
| श्री एम० एम० चितले, उप नेता (डिप्टी लीडर) | मुम्बई |
| श्री एस० पी० छाजेड | मुम्बई |
| श्री बी० सी० दरक | मुम्बई |
| श्री वाई० एम० काले | मुम्बई |

सम्पादकीय मण्डल

| | |
|---|---|
| श्री टी० एस० विश्वनाथ, मुख्य सम्पादक | नई दिल्ली |
| श्री एम० एम० चितले, सह-सम्पादक | मुम्बई |
| श्री अश्वजीत सिंह | नई दिल्ली |
| श्री बी० सी० दरक | मुम्बई |

| | | |
|---|---|---|
| श्री एच० एन० मोतिवाला | | मुम्बई |
| श्री राहुल राय | | कलकत्ता |
| श्री सुनील गोयल | | जयपुर |
| श्री हरीश गम्भीर | सहयोजित | नई दिल्ली |
| श्री लक्ष्मीनिवास शर्मा | सहयोजित | हैदराबाद |
| श्री एस० के० बंसल | सहयोजित | नई दिल्ली |

साधारण प्रयोजन समिति

| | | |
|---|---|---|
| श्री टी० एस० विश्वनाथन, सभापति | | नई दिल्ली |
| श्री एम० एम० चितले, उप सभापति | | मुम्बई |
| श्री एस० एस० आर० कोटेश्वरा राव | | हैदराबाद |
| श्री राहुल राय | | कलकत्ता |
| श्री ए० सी० शाह | | अहमदाबाद |

पूंजी बाजार एवं नियोजक संरक्षण समिति

| | | |
|---|---|---|
| श्री अश्वजीत सिंह, सभापति | | नई दिल्ली |
| श्री एस० पी० छाजेड, उप सभापति | | मुम्बई |
| श्री टी० एस० विश्वनाथ, अध्यक्ष (भू० पू० पदेन) | | नई दिल्ली |
| श्री ए० के० चन्दक | | नागपुर |
| श्रीमती प्रिया भन्साली | | कोइम्बटोर |
| श्री एस० सी० वासुदेव | | नई दिल्ली |
| श्री सतविन्दर जीत सिंह लोथी | | नई दिल्ली |
| श्री शाश्कर बनर्जी | | कलकत्ता |
| श्री आनन्द किशोर राठी | सहयोजित | मुम्बई |
| श्री धनन्जय नरेन्द्र मुरसू | | मुम्बई |

राष्ट्रीय अकादमी समिति

| | | |
|---|---|---|
